नई दिल्ली › मंगलवार, 30 जुलाई 2019 › श्रावण 8 शक संवत 1941 श्रावण कृष्ण त्रयोदशी विक्रम 2076

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

पेज 12 › मूल्य 4.50 या 8.50 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

सावन की शिवरात्रि आज

NBT नवभारत टाइम्स

NBT में विज्ञापन देने के लिए 1800 120 5474 पर कॉल करें । अखबार की अपनी कॉपी प्राप्त करने के लिए कॉल करें 1800 1200 004 या जाएं subscribe.timesgroup.com पर

zomato लाए हैं HAPPYTIMES

अब हर सही जवाब के लिए पाएँ दोगुने पॉइन्ट और तैयार रहें बम्पर शनिवार के लिए।

डेली प्राइज जीतने और साथ में साप्ताहिक और मासिक लकी ड्रॉ में हिस्सा लेने के लिए रोज पूछे गए 2 सवालों के सही जवाब दीजिए। रोजाना 1000 विनर्स जीतेंगे जमैटो पर 200 रुपये तक* की छूट।

सर्वश्रेष्ठ रेस्टॉरंट से सर्वश्रेष्ठ भोजन ऑनलाइन आर्डर करें सिर्फ zomato पर

सवाल पॉइंटर के नीचे हैं। सारे जवाब इसी अंक में ढूंढें। प्रतियोगिता सुबह 7 AM से 11 AM तक खुलती है।

*शर्तें लागू: www.nbthappytimes.com

आज के लिए HAPPY TIMES › Q 1 मोदी एडवेंचर शो में किस टीवी होस्ट संग दिखेंगे? पढ़ें › Q 2 उन्नाव केस में आरोपी सेंगर कहां से MLA हैं? खेलें › क्विज में हिस्सा लेने के लिए एसएमएस करें <शहर>A1<स्पेस><जवाब 1><स्पेस>A2<स्पेस><जवाब 2> और भेज दें 8745966662 पर। जीतें

आज चढ़ेगा 'मंगल' जल, रूट देख निकलें घर से

Rajesh Mehta

श्रद्धालुओं की भीड़ से कई रास्तों पर ट्रैफिक रेंगता दिखा।

सावन की शिवरात्रि आज है। कांवड़ियों की भीड़ लौट रही है। सोमवार को दिल्ली, गाजियाबाद और गुड़गांव जाने वाले रास्तों पर भारी ट्रैफिक जाम रहा। आज भी इन रास्तों पर जाम के लिए अलर्ट रहें। कल दोपहर बाद ही स्थिति बेहतर हो पाएगी।

सोमवार को जाम का असर धौलाकुआं के करीब, महिपालपुर से लेकर गुड़गांव के रास्ते पर, सरिता विहार और कालिंदी कुंज से नोएडा के बीच और नजफगढ़ रोड पर सबसे ज्यादा दिखा। गुड़गांव एक्सप्रेस-वे पर सरहौल टोल से लेकर इफको चौक तक भी सारा दिन ट्रैफिक रेंगता रहा।

आज मंदिरों में दोपहर बाद 2:50 बजे से शिवरात्रि का जल चढ़ना शुरू होगा, जो कल तक चलेगा। गाजियाबाद के दूधेश्वरनाथ मंदिर में ही 5 लाख कांवड़िये जलाभिषेक करेंगे। वहां जीटी रोड और मेरठ रोड पर डायवर्जन रहेगा, जिसे कल दोपहर से पुलिस हटा सकती है। नोएडा में आज सेक्टर 14ए से महामाया फ्लाईओवर- कालिंदीकुंज वाले रूट पर अधिक प्रेशर रहेगा। ▸▸पेज 5

रेप पीड़िता के हादसे में साजिश? MLA, 9 अन्य पर मर्डर केस

देश में गुस्से के बीच यूपी पुलिस बोली, CBI जांच को तैयार हैं

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ/नई दिल्ली

बीजेपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर रेप का आरोप लगाने वाली युवती और उनके परिवार के सड़क हादसे पर उठते सवालों और देशभर में गुस्से को देखते हुए यूपी पुलिस ने विधायक और 9 अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता के जेल में बंद चाचा ने सड़क हादसे को साजिश बताते हुए एफआईआर में आरोप लगाया कि सुरक्षाकर्मी ही सेंगर को सूचना देते रहते थे। रविवार के हादसे में बुरी तरह घायल उन्नाव की रेप पीड़िता और उनके वकील वेंटिलेटर पर हैं और हालत नाजुक है। चाची और मौसी की मौत हो चुकी है। पीड़िता की मां का आरोप है कि दुर्घटना के पीछे बांगरमऊ के विधायक सेंगर का हाथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले बेटी का रेप, फिर पति का कत्ल, देवर को जेल भिजवाया। चैन नहीं मिला तो अब बेटी को मारने की कोशिश की।

विपक्षी दलों के नेताओं और लोगों ने मुखर होकर इस मसले पर लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सरकार को घेरने की कोशिश की। नेताओं ने एक्सिडेंट की CBI जांच की मांग उठाई। इस पर यूपी सरकार ने कहा कि हम हर जांच को तैयार हैं। लोकसभा में भी यह मामला उठा। कांग्रेस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को घटना का नोटिस लेना चाहिए। उधर, पुलिस ने विधायक से जेल में पूछताछ की। ट्रक मालिक-ड्राइवर और विधायक के बीच लिंक का पता लगाने के लिए उनके कॉल डीटेल्स खंगाले जा रहे हैं। ▸▸पेज 12

Sunil Kataria

उन्नाव की रेप पीड़िता के समर्थन में इंडिया गेट पर लोगों ने मार्च किया।

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल उन्नाव के अस्पताल गईं और वेंटिलेटर पर पीड़िता व उनके वकील को देखने के बाद कहा कि इनकी हालत नाजुक है, इन्हें विमान से दिल्ली लाकर इलाज कराया जाना चाहिए।

बदसलूकी के विरोध पर छत से फेंक दिया

9वीं में पढ़ रही 16 साल की नाबालिग लड़की जब टॉयलेट में घुसी तो पड़ोस के लड़के ने पहले खिड़की से उस पर गुटखा थूका, फिर पानी फेंका। लड़की ने चाची से शिकायत की। पिता और चाचा को पता चला तो लड़के से आपत्ति दर्ज कराई। आरोप है, लड़के ने तीन दोस्तों को बुला लिया और चाचा को छत से नीचे धक्का दे दिया। बीच-बचाव को पहुंचे पिता और चाची को भी पीटा। जान लेने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पर महज मारपीट का केस दर्ज किया है। वह अब भी खुला घूम रहा है। घटना दिल्ली के महेंद्रा पार्क इलाके की है। ▸▸पेज 3

Twitter

जंगल के मशहूर शो में मोदी

जंगल में जीने का गुर सिखाने वाले डिस्कवरी चैनल के मशहूर शो 'मैन Vs वाइल्ड' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दिखेंगे। शो के होस्ट बेयर ग्रिल्स ने विडियो पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। इसमें मोदी रफ-टफ अंदाज में बांस से बने हथियार के साथ जंगल की चढ़ाई करते, छोटी-सी नाव में नदी पार करते दिख रहे हैं। पहले दो घंटे में ही दो लाख से ज्यादा लोगों ने इस विडियो को देखा है। यह शो डिस्कवरी पर 12 अगस्त की रात 9 बजे आएगा, जिसे 180 देशों में देखा जाएगा। ▸▸पेज 12

रोहित शर्मा से अनबन की खबरें अफवाह: विराट

■ प्रमुख संवाददाता, मुंबई

टीम इंडिया के दो दिग्गजों के बीच अनबन की अटकलों पर कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को पूर्ण विराम लगा दिया। अमेरिका और कैरेबियाई दौरे के लिए रवाना होने से पहले कोहली और कोच रवि शास्त्री मीडिया से मुखातिब हुए। उपकप्तान रोहित शर्मा से कथित अनबन के सवाल पर विराट ने कहा कि मैंने भी हम दोनों के बीच तथाकथित अनबन की खबरों के बारे में सुना है। यह स्तब्ध करने वाला है। बकवास है। मैं साफ करना चाहता हूं कि अगर ड्रेसिंग रूम का माहौल खराब होता तो पिछले कुछ बरसों में टीम ने जो कामयाबी हासिल कीं, वे संभव ही नहीं हो पातीं। कोच रवि शास्त्री ने भी कथित खटास की खबरों को 'नॉनसेंस' करार दिया। ▸▸पेज 11

> मेरे और रोहित के बीच कोई मसला नहीं है। अगर मुझे कोई पसंद नहीं है तो वह मेरे चेहरे पर दिख जाएगा। -विराट कोहली

न वार से और न ही हथियार से, ये लूटते हैं करंट की मार से

■ प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली में पहली बार एक ऐसा गैंग पकड़ा गया है, जो न वार से और न हथियार से वारदातों को अंजाम देता है बल्कि करंट का झटका देकर लूट लेता है। ठक-ठक गैंग के इन लोगों ने करंट लगाने के लिए टॉर्च जैसी डिवाइस खरीद रखी है। पिछले दिनों इन्होंने इस झटके वाली टॉर्च की मदद से चांदनी चौक में एक शख्स से 21 लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया था। ऑटो में जा रहे शख्स को इन्होंने पहले पिस्टल दिखाई, फिर इलेक्ट्रिक टॉर्च सटा दी। करंट लगने से वह अचानक घबरा गए तो बदमाश रुपये से भरा बैग छीनकर भाग गए। पुलिस ने प्रिंस विनोद (35), प्रदीप (22) और कनक रतनाम (35) को गिरफ्तार करके इनकी इस नई ट्रिक का खुलासा किया है। पुलिस को अब गैंग में शामिल अजय की तलाश है, जिसके पास इलेक्ट्रिक टॉर्च है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि इलेक्ट्रिक टॉर्च से वे दिल्ली ही नहीं बल्कि मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में भी वारदातें कर चुके हैं।

इलेक्ट्रिक टॉर्च वाले लुटेरे

- ठक-ठक गैंग के पास इलेक्ट्रिक टॉर्च जैसी डिवाइस है
- इससे ये लोगों को अचानक करंट का झटका देते हैं
- लोग घबरा जाते हैं और ये उनका सामान ले जाते हैं

दिल से दिल्ली

1974 से चल रहा है सफर मुद्रिका पर

विवेक शुक्ला

दिन रात भागती दिल्ली के एक बड़े हिस्से ने रिंग रोड पर डीटीसी की मुद्रिका बस सर्विस ने बहुत सफर किया है। मुद्रिका शुरु हुई 1974 में। उस दौर में कोई शख्स मुद्रिका में बैठकर सारी राजधानी को देख सकता था। अब ये 87 किलीमीटर लंबी सड़क भी जाम की चपेट में आ चुकी है। रिंग रोड में सबसे पहले जाम आश्रम से लेकर लाजपत नगर के बीच हुआ और फिर धौला कुआं में देखा जाने लगा। अब तो जाम की चपेट में सारी रिंग रोड ही आ गई। *पौने तीन घंटे में पूरा होता है सफर* ▸▸पेज 3

देखें nbtdilsedilli.com

फास्ट न्यूज

आपत्तिजनक कमेंट पर 2 बार बोले आजम, सॉरी

लोकसभा अध्यक्ष का जिम्मा संभाल रहीं रमा देवी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए एसपी सांसद आजम खान ने दो बार माफी मांगी। पहली माफी पर रमा देवी सहित कई सदस्य बोले, बात ठीक से सुनाई नहीं नहीं दी। रमा देवी का कहना था कि यह तो आजम की आदत रही है। आजम ने बहन बताते हुए फिर माफी मांगी। ▸▸पेज 9

SBI ने घटाई ब्याज

स्टेट बैंक में FD समेत सभी जमाओं पर ब्याज दरें 1 अगस्त से 0.5 से 0.75% तक घट जाएंगी। इससे कर्ज सस्ते हो सकते हैं। ▸▸पेज 10

कोचिंग की अग्निपरीक्षा

हाई कोर्ट ने कहा कि दिल्ली के कोचिंग सेंटरों व स्कूलों की फायर सेफ्टी जांच करें। फेल मिलने पर इन्हें बंद किया जाए। ▸▸पेज 4

हैपी मॉर्निंग

सोनू: एक बात पूछनी थी।
मोनू: हां हां, पूछो।
सोनू: बारिश में जो बूंदाबूंदी होती है, उसमें पता कैसे चलेगा कि कौन बूंदा है और कौन बूंदी?

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता)/10 ग्राम	
दिल्ली	35,720 (-50)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	41,900 (-100)

अर्थसार

सेंसेक्स	37,686.37 (-196.42)
निफ्टी	11,192.15 (-92.15)
रु/यूएस डॉलर	68.90 (-0.16)
रु/यूरो	76.65 (-0.29)

मौसम

अधिकतम	36.1 (+2)
न्यूनतम	27.1 (0)
सूर्यास्त मंगलवार	7:14 बजे
सूर्योदय बुधवार	5:42 बजे

येदियुरप्पा ने कर्नाटक में दिखाया बीजेपी का दम

कर्नाटक में बीएस येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली तीन दिन पुरानी बीजेपी सरकार ने ध्वनि मत से विश्वास प्रस्ताव जीत लिया। स्पीकर द्वारा 17 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद येदियुरप्पा ने आसानी से विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया। इसके बाद स्पीकर केआर रमेश ने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। ▸▸पेज 9

यूनिटेक के प्रोजेक्ट भी बनाने को NBCC तैयार

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि आम्रपाली की तरह यूनिटेक बिल्डर के अधूरे फ्लैट पूरा करने को NBCC तैयार है। इन प्रोजेक्टों को बनाने की कार्यवाही की निगरानी के लिए हाई कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में हाई पावर्ड कमिटी बनाने का भी प्रस्ताव दिया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने बायर्स की राय मांगी है। ▸▸पेज 5

Go natural
गुण वही, ताज़गी नई
विको वज्रदंती अब
सौंफ फ्लेवर में भी.
VICCO VAJRADANTI
18 HERBS AND BARKS
SAUNF FLAVOUR
पेश है सौंफ की ताज़गी के साथ नया विको वज्रदंती. अब मसूड़ों से खून आना, सूजन, पायोरिया और कमजोर दाँतों जैसी समस्याओं के समाधान के साथ पाएं ताज़गी भी. तो आज ही ले आएं 18 जड़ी-बूटियों वाला सौंफ फ्लेवर में विको वज्रदंती और हर सुबह की शुरुआत करें, ताज़गी के साथ.
कुदरती और सुरक्षित
दाग़ों के लिए सुरक्षित
18 HERBS & BARKS
फ्लोराइड रहित
ट्राईक्लोसन रहित
www.viccolabs.com • Like us on /ViccoLabs • Shop online at www.viccostore.com • Customer Care Call No. 0712-2426660